क्षेत्रीय कार्यालय

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

एसपीएल–2, पंचम चरण, रिको औद्योगिक क्षेत्र, किशनगढ़ (अजमेर)

राप्रनिम / क्षैका किश / पीयूबी–119 / दिनांक :

पर्यावरणीय स्वीकृति समूह खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स आर जे 01 ग्रेनाइट माइन्स रेफरेंस संख्या 201910009921 खसरा संख्या 1351/1 एवं 1351/2 ग्राम हाथगी द्वारा ग्रेनाइट खनिज क्लस्टर खनन परियोजना ग्राम–हाथगी एवं राजपुरा तहसील–मालपुरा, जिला–टोंक जिसका विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से है:–

क्र. स.	प्रोजेक्ट का नाम	खनन पटटा / रेफरेंस संख्या	क्षेत्रफल हैक्टेयर में	खनिज	उत्पादन क्षमता
1	मैसर्स आर जे 01 ग्रेनाइट माइन्स	2019100009921	1.4979	ग्रेनाइट	142749.6 टीपीए (आर.ओ.एम.)
2	श्री मंगल राम बुनकर	2018100001159	1.0	ग्रेनाइट	110000 टीपीए
3	मैसर्स स्वास्तिक ग्रेनाइट	2018100001509	1.7238	ग्रेनाइट	205772 टीपीए
4	श्री ग्यारसी लाल	2018100001236	1.0	ग्रेनाइट	51520 टीपीए
5	श्री हरफूल बैरवा	201810000516	1.0	ग्रेनाइट	100800 टीपीए
6	श्री ओमप्रकाश बैरवा	20181000051202	1.2553	ग्रेनाइट	95900 टीपीए

कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 7.4770 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता–706741.6 टीपीए ग्राम हाथगी एवं राजपुरा, तहसील मालपुरा, जिला टोंक से संबन्धित प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहॉ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।

2. और चूंकि **मैसर्स आर जे 01 ग्रेनाइट माइन्स** ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मण्डल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु वन एव पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस. ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 ओर एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 के अनुसार समूह लोक सुनवाई हेतु आवश्यक है।

3. उक्त समूह खनन परियोजना से सम्बन्धित समूह EIA/EMP Report एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध है :–

1. जिला कलक्टर, टोंक।
2. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
3. सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मुल्यांकन समिति, राजस्थान, 04, झालाना संस्थानिक क्षैत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।
4. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ़, जिला–अजमेर।
5. तहसील–मालपुरा, जिला–टोंक।
6. राजीव गांधी सेवा केन्द्र, ग्राम राजपुरा, तहसील मालपुरा, जिला टोंक।

अतः सर्वसाधारण को कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, टोंक के पत्र क्रमांक न्याय / पर्यावरण / 2021 / 5475 दिनांक 16.07.2021 के क्रम में इस आम सूचना के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त समूह खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई हेतु **दिनांक 01/09/2021 को दोपहर 03:00 बजे, स्थान – राजीव गांधी सेवा केन्द्र, ग्राम राजपुरा, तहसील मालपुरा, जिला–टोंक** में उपस्थित होकर अपने लिखित / मौखिक आक्षेप / सुझाव प्रस्तुत कर सकते है।

इस संबंध में लिखित आक्षेप / सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षैत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ, जिला–अजमेर को भी दिये जा सकते है।

(दीपक तॅवर)
पर्यावरण अभियंता एवं क्षैत्रीय अधिकारी